कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बागेश्वर वन प्रभाग बागेश्वर

Email-dfobag-forest-uk.nic.in/ dfo_bageshwar@rediffmail.com
दूरभाष एवं फैक्स नं0: 05963-220249

पत्रांक 1573 / 12-1-2 बागेश्वर दिनांक : 18 / 10 /2023

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊ वृत्त,
उत्तराखण्ड अल्मोड़ा।

विषय – **जनपद बागेश्वर में व्हीलकुलवान स्योकुणा ग्वालदम नाग लिंक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.3 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। (प्रस्ताव संख्या–12810/2015)**

सन्दर्भ :– भारत सरकार के पत्रांक 8बी0/यू.सी.पी./06/284/2015/एफ.सी./1372 दिनांक 12.01.2023।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के कम में अवगत कराना है कि उक्त प्रस्ताव में जो आपत्तिया लगायी गयी है प्रस्तावक विभाग द्वारा बिन्दुवार निराकरण कर प्रस्ताव अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

बिन्दु 1	राज्य सरकार द्वारा अभी तक विस्तृत reclamation plan इस कार्यालय में प्रेषित नहीं किया गया है। अतः राज्य सरकार से अनुरोध है कि वह विस्तृत reclamation plan इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें।	प्रस्तावक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त मोटर मार्ग का विस्तृत reclamation plan पूर्व में प्रेषित किया गया है जिसकी छायाप्रति संलग्न की जा रही है।
2	मार्ग के संरेखण का विश्लेषण करने के उपरान्त यह पाया गया है कि अधिकाश आबादी वर्तमान मार्ग के किनारे स्थित है तथा प्रस्तावित मार्ग के अन्तिम बिन्दु पर केवल कुछ ही structures दिखाई दे रहे हैं, इस हेतु प्रस्तावित संरेखण उचित प्रतीत नहीं होता है। अतः संबन्धित डी0एफ0ओ0 से अनुरोध है कि वह प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर रिर्पोट इस कार्यालय में प्रेषित करते हुए मार्ग का उद्देश्य तथा आवश्यकता को स्पष्ट करने का कष्ट करे।	उक्त प्रकरण पर अद्योहस्ताक्षरी की स्थलीय निरीक्षण आख्या संलग्न है।
3	प्रस्तावित संपूर्ण मार्ग वन क्षेत्र में प्रस्तावित है जबकि गैर–वन क्षेत्र में एक अस्थाई मार्ग प्रतीत हो रहा है, जिसका ढलान बहुत कम है। यदि प्रस्तावित लाभान्वित गांवों के लिये यदि मार्ग की आवश्यकता है, तो वर्तमान अस्थाई मार्ग के साथ जोड़ा जा सकता है। अतः राज्य सरकार इस पर अपना स्पष्ट प्रतिवेदन इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करे।	प्रस्तावक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि गैर–वन क्षेत्र में जो अस्थाई मार्ग प्रतीत हो रहा है, जिसका ढलान बहुत अधिक है एवं मानकों के अनुसार ग्रेड प्राप्त नहीं हो सकते है, अस्थाई मार्ग ग्रामीणों के आने जाने का पैदल मार्ग है, जो खड़ी चौड़ाई से होकर गुजरता है। अतः उक्त अस्थाई मार्ग से मोटर मार्ग का निर्माण प्रस्तावित नहीं किया जा सकता है। उक्त प्रकरण पर अद्योहस्ताक्षरी की स्थलीय निरीक्षण आख्या संलग्न है।

संलग्नः– 4 प्रतियॉं।

भवदीय,

(उमेश चन्द्र तिवाड़ी)
प्रभागीय वनाधिकारी
बागेश्वर वन प्रभाग बागेश्वर।

"D:\samany 2018-19\land transfer\letter land tansfare.p.w.d BGR .docx"

वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार की आपत्ति के बिन्दु संख्या 2 व 3 के क्रम में आख्या

जनपद बागेश्वर में विधनसभा क्षेत्र बागेश्वर के अन्तर्गत व्हीलकुलवान स्योकुणा ग्वालदम नाग तक लिंक मोटर मार्ग का निरीक्षण दिनांक 07.10.2023 को उप प्रभागीय वनाधिकारी बागेश्वर तथा वन क्षेत्राधिकारी बैजनाथ की उपस्थिति में किया गया। पूर्व में अल्मोड़ा–ग्वालदम मोटर मार्ग से व्हीलकुलवान तक मोटर मार्ग निर्मित है। वर्तमान प्रस्ताव इस मार्ग को व्हीलकुलवान के तोक स्योकुणा से जोड़ने हेतु तैयार किया गया है। स्योकुणा तोक वर्तमान मोटर मार्ग के अपहिल में स्थित है तथा मूल प्रस्ताव के अनुसार इस स्थल पर नाग देवता का धार्मिक व पौराणिक मन्दिर स्थित है। वन भूमि हस्तानान्तरण प्रस्ताव के अनुसार प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण का मुख्य उददेश्य इस पौराणिक महत्व के मन्दिर तक आवागमन को सुगम बनाना है। साथ ही यह मार्ग व्हीलकुलवान ग्राम के अपहील में स्थित ग्रामीणों के लिए भी लाभकारी हो सकता है।

मार्ग के स्थलीय भ्रमण पर पाया गया कि प्रस्तावति मार्ग निर्माण के उपरान्त भी ग्वालदम नाग मन्दिर पूर्ण रूप से मोटर मार्ग रो नहीं जुड सकेगा। तथापि मन्दिर जाने वाले जनमानस हेतु मन्दिर तक पैदल आवागमन काफी कम हो जायेगा। गॉव का तोक स्योकुणा वर्तमान मार्ग से काफी अधिक ऊॅचाई पर स्थित होने के कारण इस तोक के निवासीयों को मोटर मार्ग निर्माण से लाभ होगा। जहॉ तक अस्थाई मार्ग का प्रश्न है इस सम्बन्ध में अवगत कराना है, कि वर्तमान में इस मार्ग का ग्रेडियेन्ट काफी अधिक है तथा यह मोटर मार्ग के रूप में प्रयोग नहीं किया जा सकता है। यह भी अवलोकनीय है कि अस्थाई मार्ग वर्तमान मोटर मार्ग को स्योकुणा तोक से नहीं जोडता है।

अतः आवश्यक कार्यवाही हेतु रिर्पोट सेवा में सादर प्रेषित है।

(उमेश चन्द्र तिवाड़ी),
प्रभागीय वनाधिकारी,
बागेश्वर वन प्रभाग बागेश्वर।